छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल, रायपुर

नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Website- https://vyapamcg.cgstate.gov.in, https://cgssb.cgstate.gov.in

क्रमांक / एस.एस.बी. / परीक्षा एफ–20 / 2026 / 4145 रायपुर, दिनांक 14/10/26.

लोक शिक्षण संचालनालय के अंतर्गत शिक्षक (LST26) पदों हेतु दिव्यांगजनों के लिए ऑनलाइन आवेदन पुनः प्रारंभ करने एवं परीक्षा तिथि के सम्बंध में

लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के आधार पर शिक्षक (हिन्दी), शिक्षक (संस्कृत), शिक्षक (अंग्रेजी), शिक्षक (गणित), शिक्षक (सामाजिक विज्ञान), शिक्षक (कृषि) के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा (LST26) का आयोजन CGSSB द्वारा किया जाना था । इस हेतु पूर्व में ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रारंभिक तिथि 07.08.2026 से 02.09.2026 तक निर्धारित थी ।

माननीय उच्च न्यायालय, छत्तीसगढ़ बिलासपुर के प्रकरण क्र- WPS NO. 6783 of 2026 के आदेश दिनांक 09.10.2026 के पालनार्थ लोक शिक्षण संचालनालय के द्वारा प्रेषित शुद्धि पत्र अनुसार विस्तृत विज्ञापन में शिक्षक पद के लिए चिन्हांकित उपयुक्त दिव्यांगता के प्रकारों में निम्नानुसार शामिल किया जाना है –दिव्यांगजन अभ्यर्थी जो विषयवार (भाषा समूह– हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत, सामाजिक विज्ञान) B-Blind, CP- Cerebral Palsy, गणित विषय हेतु BA- Both Arms, ASD (Mild), CP- Cerebral Palsy, LC-Leprosy Cured, कृषि विषय हेतु CP- Cerebral Palsy, LC-Leprosy Cured प्रकार के हैं, उन्हें भी शामिल किया जाना है। अतः उपरोक्तानुसार विषयवार दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए मण्डल द्वारा ऑनलाइन आवेदन पुनः प्रारंभ किया जा रहा है –

1. दिव्यांगजनों हेतु ऑनलाइन आवेदन भरने की प्रारंभिक तिथि – **15.10.2026 (गुरूवार)**
2. दिव्यांगजनों हेतु ऑनलाइन आवेदन भरने की अंतिम तिथि – **30.10.2026 (शुक्रवार) सायं 5:00 बजे तक**
3. ऑनलाइन आवेदन में त्रुटि सुधार – **31.10.2026 से 02.11.2026, सायं 5:00 बजे तक**
4. परीक्षा केन्द्र – **16 जिला मुख्यालयों में**

विस्तृत जानकारी वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in एवं https://cgssb.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है।

शिक्षक भर्ती परीक्षा (LST26) **दिनांक** 20.12.2026 **(रविवार) को मण्डल द्वारा सभी अभ्यर्थियों हेतु आयोजित की जा रही है ।**

14/10/2026

परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मण्डल
रायपुर